प्रबंधन के छात्र आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल करें :हरिवंश

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची का 12वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने हिस्सा लिया। हरिवंश ने कहा कि आईआईएम जैसी संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे देश के युवाओं को व्यवसाय प्रबंधकों के रूप में खुद को सीमित करने के बजाय कई क्षेत्रों में नए उद्यम करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करें।

संस्थान के निदेशक प्रो शैलेन्द्र सिंह ने अपनी स्थापना के बाद से संस्थान की यात्रा पर चर्चा की। सांसद राजू बिस्ट ने कहा कि हमें सीखना बंद नहीं करना चाहिए। जीवन में नई चीजें सीखने के लिए कोई उम्र नहीं है। उन्होंने समय प्रबंधन के बारे में बात की और कहा कि हमें योग का अभ्यास करना चाहिए, किताबें पढ़नी चाहिए।

Hindustan, 16.12.2020, Pg. 06